>

Title: Problems being faced by BSNL customers in Sagar, Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): माननीय अध्यक्ष महोदया, इस समय पूरे देश के अंदर मोबाईल नैटवर्क की समस्या है। मेरा लोक सभा क्षेत्र सागर है जहां 50 हाजर उपभोक्ता बीएसएनएल मोबाईल से हैं और 25 हजार उपभोक्ता लैंडलाईन से हैं। पिछले 4-5 महीने से बीएसएनएल का सिस्टम ठप्प पड़ा हुआ है। सिर्फ मेरे लोक सभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और पूरे देश के अंदर यह स्थिति है। मोबाईल से कहीं भी बात नहीं हो सकती है। अगर एक जगह बात करनी हो तो दस-दस बार कॉल लगानी पड़ती है लेकिन मोबाईल से बात नहीं हो पाती है। लोगों का अनावश्यक रूप से पैसा लग रहा है।

महोदया, लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। मेरा इस मामले में कहना है कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि बीएसएनएल, जो सरकारी कम्पनी है, इसमें गड़बड़ क्यों है? लगता है कि इसमें कहीं न कहीं बड़ा भारी भ्रष्टाचार हो रहा है और जानबूझकर इस सिस्टम को फेल किया जा रहा है। निजी मोबाइल कम्पनियों को लाभ पहुंचाने के लिए यह भ्रष्टाचार चल रहा है।

महोदया, मेरी इस संबंध में आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इसकी जांच हो, जिससे सत्यता सामने आये। यह बहुत बड़ा संकट है, कहीं पर भी बात नहीं हो पा रही है, मोबाइल काम ही नहीं कर रहे हैं।

MADAM SPEAKER: The hon. Members, namely, Shri Virendra Kumar, Shri Ashok Argal, Shri Ramsinh Rathwa and Smt. Sumitra Mahajan, may associate with this issue.